PLANET NEWS INDIA

Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ, सोमवार 24 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com



## मुंबई में गणपति जुलूस पर अंडे फेंकने से मचा बवाल

### दो गुट भिड़े, नारेबाजी और हंगामा जारी भारी पुलिस बल तैनात

मुंबई के मझगांव में गणेश प्रतिमा के आगमन जुलूस के दौरान कथित तौर पर अंडे फेंके जाने के बाद दो गुटों के बीच तनाव और झड़प की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। मुंबई के मझगांव इलाके में रविवार रात गणेश प्रतिमा के आगमन जुलूस के दौरान कथित तौर पर अंडे फेंके जाने के बाद दो गुटों के बीच तनाव और झड़प की स्थिति बन गई। घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी। गणेश उत्सव आयोजकों ने घटना को लेकर आरोप लगाए हैं, जबकि जिम्मेदार लोगों की पहचान और कार्रवाई को लेकर पुलिस की विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**जुलूस के दौरान अंडे फेंकने का आरोप**

एएनआई के मुताबिक, यह घटना गणेश प्रतिमा के आगमन जुलूस के दौरान हुई। गणेश उत्सव के आयोजकों का आरोप है कि जुलूस जब इलाके से गुजर रहा था, उसी दौरान कुछ लोगों ने उनकी ओर अंडे फेंके। इसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और दो गुटों के बीच विवाद बढ़ गया। गणेश मंडल के कार्यकर्ता प्रतिमा को लेकर जुलूस निकाल रहे थे। आरोप है कि गणपति की प्रतिमा के आगमन के बाद पास की इमारतों से किसी व्यक्ति ने जुलूस की ओर अंडा फेंका। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में नाराजगी बढ़ गई और देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

**पुलिस ने संभाला मोर्चा**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



पुलिसकर्मी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं और किसी भी संभावित विवाद को बढ़ने से रोकने के लिए संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों की ओर से फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि अंडे फेंकने के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान हुई है या नहीं। मामले में पुलिस की जांच जारी है और घटनाक्रम से जुड़े लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है।

**गणेश मंडल के अध्यक्ष ने लगाया आरोप**

अखिल पब्लिक फेस्टिवल कमेटी के अध्यक्ष हितेश जाधव ने आरोप लगाया कि गणपति की प्रतिमा के आगमन के बाद पास की इमारतों से किसी ने जुलूस की ओर अंडा फेंका। उनके मुताबिक, इस घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हुई। पुलिस की ओर से अभी घटना के पीछे जिम्मेदार लोगों की पहचान और उनके खिलाफ संभावित कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन की प्राथमिकता फिलहाल इलाके में शांति बनाए रखना और किसी भी तरह के विवाद को आगे बढ़ने से रोकना है।

**संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाई गई**

मुंबई में गणेश उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाती है। खास तौर पर गणेश प्रतिमा के आगमन और विसर्जन जुलूस के दौरान संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहती है। फिलहाल मझगांव में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है। अधिकारियों की कोशिश है कि घटना को लेकर किसी तरह की अफवाह या विवाद आगे न बढ़े। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर निगरानी जारी है।

## नागपुर के वाटर प्लांट में क्लोरिन गैस लीक होने से मचा हड़कंप

## NDRF ने संभाला मोर्चा, 20 लोग अस्पताल में भर्ती

नागपुर के गोधनी इलाके में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के पानी साफ करने वाले प्लांट में क्लोरीन गैस लीक होने की खबर के बाद बचाव कार्य चलाया गया। पुलिस को जैसे ही घटना की शुरुआती जानकारी मिली, वे सबसे पहले मौके पर पहुँचे और फँसे हुए लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया।




महाराष्ट्र के नागपुर के गोधनी इलाके में महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के जलशोधन संयंत्र में क्लोरीन गैस लीक की सूचना के बाद पुलिस, फायर विभाग, NDRF और अन्य टीमों ने बचाव अभियान चलाया। कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि करीब 20 लोगों के अस्पताल में होने की बात कही गई है। फिलहाल स्थिति सामान्य है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सुरक्षा के मद्देनजर परिसर को दो-तीन दिनों तक सील रखने की सलाह दी गई है।

**पुलिस ने सबसे पहले संभाला मोर्चा**

NDRF जवान विजय के मुताबिक, पुलिस को जैसे ही शुरुआती जानकारी मिली, वे सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और वहां फंसे लोगों को बाहर निकालने का काम शुरू किया। इसके बाद सुरक्षा के लिहाज से इलाके में बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही रोक दी गई।

**फायर विभाग ने तुरंत शुरू किया ऑपरेशन**

विजय ने बताया कि पुलिस के बाद फायर डिपार्टमेंट को अलर्ट मिला था और दमकल की टीम सबसे पहले ऑपरेशन शुरू करने के लिए मौके पर पहुंची। इसके बाद NDRF और अन्य टीमों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद वे भी तेजी से घटनास्थल पर पहुँचीं और बचाव अभियान में शामिल हो गईं।

**फिलहाल स्थिति सामान्य, कोई मौत नहीं**

NDRF जवान ने बताया कि अभी स्थिति सामान्य है और घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, गैस के संपर्क में आने के कारण कुछ लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके मुताबिक, करीब 20 लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हो सकते हैं।

**परिसर में अब भी सावधानी जरूरी**

विजय ने कहा कि घटनास्थल पर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है, क्योंकि कुछ गिरा हुआ मटीरियल अभी भी वहां मौजूद है और गैस की मौजूदगी का भी पता चल सकता है। ऐसे में किसी भी तरह की लापरवाही लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।

**दो-तीन दिन परिसर सील रखना बेहतर**

सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। NDRF जवान के अनुसार, परिसर को अगले दो-तीन दिनों के लिए सील रखना सबसे बेहतर होगा, ताकि गैस के संभावित प्रभाव और घटनास्थल पर मौजूद सामग्री की पूरी तरह जांच की जा सके।

## तबादला: अलीगढ़ के नए मंडलायुक्त होंगे ओम प्रकाश आर्य, संगीता सिंह मुरादाबाद की कमिश्नर बनीं



**अलीगढ़ मंडल में अलीगढ़ के अलावा हाथरस, एटा और कासगंज जिले शामिल हैं। नए मंडलायुक्त के सामने चारों जिलों में विकास योजनाओं की निगरानी और मंडलीय स्तर पर विभागों के बीच समन्वय की जिम्मेदारी होगी।**

ओम प्रकाश आर्य राज्य सिविल सेवा से पदोन्नत होकर आईएएस बने हैं। प्रशासनिक सेवा में करीब डेढ़ दशक के दौरान उन्होंने विकास, राजस्व, आबकारी और जिला प्रशासन से जुड़े पदों पर काम किया है। 2010 बैच के आईएएस अधिकारी ओम प्रकाश आर्य अलीगढ़ के नए मंडलायुक्त बनाए गए हैं। शासन ने उन्हें सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद, प्रयागराज के पद से स्थानांतरित कर अलीगढ़ का मंडलायुक्त बनाया है। वहीं मौजूदा मंडलायुक्त संगीता सिंह को मुरादाबाद मंडल का मंडलायुक्त बनाया गया है। शासन के स्थानांतरण आदेश में दोनों अधिकारियों की नई तैनाती की गई है। ओम प्रकाश आर्य राज्य सिविल सेवा से पदोन्नत होकर आईएएस बने हैं। प्रशासनिक सेवा में करीब डेढ़ दशक के दौरान उन्होंने विकास, राजस्व, आबकारी और जिला प्रशासन से जुड़े पदों पर काम किया है। वर्ष 2019 में वह श्रावस्ती के जिलाधिकारी बनाए गए। इसके बाद अक्तूबर 2019 में गाजीपुर के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी संभाली और सितंबर 2020 तक इस पद पर रहे। इसके बाद से वह राजस्व परिषद में सदस्य (न्यायिक) के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

## Aligarh विधायक के नाम की शिलापट्टिकाएं तोड़ीं, पुलिस जांच में जुटी

गांव थानपुर में शहीद स्मारक के पास बरौली विधायक ठाकुर जयवीर सिंह के नाम की सड़क लोकार्पण शिलापट्टिका को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। घटना 19 अगस्त की रात की बताई जा रही है। इसी रात गभाना थाना क्षेत्र के गांव हींसेल और चांदनेर में भी विधायक के नाम की सड़क लोकार्पण शिलापट्टिकाएं तोड़े जाने की बात सामने आई है। घटनाओं से विधायक समर्थकों में रोष है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। सीओ गभाना महेश कुमार ने बताया कि अभी इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, मौखिक सूचना के आधार पर तीनों गांवों में शिलापट्टिकाएं तोड़े जाने की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



## Aligarh News: दुकान-दुकान बदला चीनी का भाव



चीनी महंगी होने के कारण रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। एक ही बाजार में अलग-अलग दुकानों में अलग-अलग भाव है, जिससे ग्राहक परेशान हैं। लगातार इसकी खबरें प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और शनिवार को बड़े कारोबारियों के यहां भाव और स्टॉक की जांच की गई जिससे थोक बाजार के भाव कुछ हद तक काबू में आए हैं, लेकिन फुटकर बाजार में अब भी मनमानी कीमतें वसूली जा रही हैं। नौरंगाबाद बाजार पहुंची नगला माली निवासी सावित्री ने बताया कि उन्हें तीन अलग-अलग दुकानों में अलग-अलग भाव मिला। कहीं 64, कहीं 66 तो कहीं 68 रुपये किलो के भाव में चीनी मिल रही है। दुबे का पड़ाव निवासी पुष्पा ने बताया कि दुबे का पड़ाव बाजार में उन्हें चीनी के दो भाव बताए गए। पहला 68 और दूसरा 70 रुपये किलो। उन्होंने 68 रुपये के भाव से खरीदारी की। प्रतिभा कॉलोनी निवासी गिरजेश ने बताया कि उनकी कॉलोनी में अलग-अलग दुकानों पर भाव अलग-अलग है। चीनी कहीं 65 तो कहीं 66 रुपये किलो के भाव में है। मैरिस रोड निवासी अनीता शर्मा कहती हैं कि चीनी के बढ़े भाव से सभी परेशान हैं। मैरिस रोड में इसका भाव कहीं 66 रुपये तो कहीं 70 रुपये किलो तक है। फुटकर बाजारों में जिन दुकानों पर चीनी का मनमाना भाव वसूला जा रहा है, उनकी भी जांच कराई जाएगी। थोक बाजार के अनुसार ही फुटकर का भाव होना चाहिए। सोमवार से ऐसी दुकानों की जांच कराई जाएगी ताकि मनमानी रोकी जा सके।

**थोक बाजार में भाव कम**

अलीगढ़। जिले में किराना की थोक मंडी महावीरगंज में फुटकर में चीनी 62 रुपये किलो के भाव में मिल रही है।

एटा चुंगी डोरी नगर से महावीरगंज खरीदारी करने आईं पुष्पा ने कहा कि चीनी का कोई विकल्प नहीं है। दो दिन पहले उन्हें डोरीनगर में 67 रुपये किलो में चीनी मिली थी, लेकिन महावीरगंज में 62 रुपये में मिली है। इसी तरह से छिपैटी कटरा निवासी वर्षा गुप्ता का कहना है कि यह महंगाई परेशान करने वाली है। उन्होंने 70 रुपये किलो का भाव सुना था, लेकिन महावीरगंज में 62 रुपये किलो में चीनी मिली।

**एथेनॉल और नीतियों को बताया जा रहा कारण**

महावीरगंज के थोक कारोबारी ध्रुवेश चंद्र के मुताबिक जून में जो चीनी थोक में 44 रुपये प्रति किलो बिक रही थी, अब 61 रुपये प्रति किलो हो गई है। उन्होंने इसके पीछे एथेनॉल की खपत में बढ़ोतरी के साथ-साथ सरकारी नीतियों और मिल मालिकों के रुख को जिम्मेदार ठहराया है। कारोबारी मनोज कुमार अरोड़ा कहते हैं कि जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी और इसके बाद नवरात्र जैसे बड़े त्योहार हैं, लेकिन महंगाई के कारण बाजार से रौनक पूरी तरह गायब है। महावीरगंज के कारोबारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि जिन दिनों बाजार में भारी भीड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल होता था, आज वहां ग्राहकों की कमी के कारण सन्नाटा पसरा हुआ है।

## Aligarh News: मंगलायतन विवि में गूंजा नवदीक्षा का संदेश, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



**कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने कहा कि अभिभावकों की जिम्मेदारी विवि में प्रवेश के साथ समाप्त नहीं, बल्कि और बढ़ जाती है। वे अपने बच्चों की पढ़ाई, प्रगति और व्यवहार पर निरंतर नजर रखें तथा आवश्यकता होने पर शिक्षकों, मेंटर्स और विश्वविद्यालय प्रशासन के संपर्क में रहें। जो आपको भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। डीन एकेडमिक प्रो. अमरीश शर्मा ने गुरु शिष्य परंपरा से अवगत कराते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान डायरेक्टर एडमिशन प्रो. सौरभ कुमार, मानविकी संकाय के डीन प्रो. राजीव शर्मा, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की कुसुम गोयल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा, प्रो. रविकांत, प्रो. राजेश उपाध्याय, प्रो. प्रमोद कुमार, गोपाल राजपूत, दीपिका बांदिल आदि मौजूद रहीं।**

मंगलायतन विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम नवदीक्षा-2026 के दो दिवशीय शुभारंभ कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए। परिसर में पहुंचते ही विद्यार्थियों में नए परिवेश को जानने और उच्च शिक्षा के सफर की शुरुआत करने का उत्साह नजर आया। इस बीच नवदीक्षा का संदेश गूंजा। पहले दिन अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अलीगढ़ योगेंद्र कुमार ने कहा कि विवि जीवन सीखने, अनुभव प्राप्त करने और अपने सपनों को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण पड़ाव है। विद्यार्थियों को यहां मिलने वाले अवसरों का पूरी लगन और सकारात्मक सोच के साथ सदुपयोग करना चाहिए। दूसरे दिन मुख्य अतिथि अलीगढ़ मेयर प्रशांत सिंघल ने कहा कि आज विद्यार्थियों के जीवन का नया अध्याय शुरू हो रहा है। उनके सामने नए सपने और नई जिम्मेदारियां हैं। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और शिक्षकों के त्याग एवं विश्वास का सम्मान करते हुए ऐसा जीवन बनाना चाहिए।

# Bihar News: सावन के आखिरी सोमवार पर सिंहेश्वर धाम में भीड़ बेकाबू,

Bihar News: सावन के आखिरी सोमवार पर सिंहेश्वर धाम में भीड़ बेकाबू,

मधेपुरा के प्रसिद्ध सिंहेश्वर मंदिर में सावन की अंतिम सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ उमड़ने से सोमवार सुबह अफरातफरी की स्थिति बन गई। सुबह करीब 8 बजे के बाद भीड़ बढ़ने पर धक्का-मुक्की शुरू हो गई और कतार टूट गई।सावन की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को मधेपुरा के प्रसिद्ध सिंहेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से अफरातफरी की स्थिति बन गई। सुबह करीब 8 बजे के बाद जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अचानक बढ़ने लगी। इस दौरान धक्का-मुक्की शुरू हो गई और कतार टूटने से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। भीड़ के दबाव में प्रशासन की बैरिकेडिंग भी टूट गई। इस दौरान करीब आधा दर्जन श्रद्धालु गिरकर घायल हो गए। भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए। बताया गया कि भीड़ के दबाव में उनकी वर्दी तक फट गई। सभी घायलों को तत्काल जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया।




**रात से ही मंदिर में जुटने लगे थे श्रद्धालु**

बताया गया कि रविवार रात करीब 1 बजे सरकारी पूजा संपन्न होने के बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खुला। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर में पहुंचने लगे। धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती गई और सुबह तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई। सुबह करीब 8 बजे के बाद जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ गई। इसके बाद कतार में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और देखते ही देखते स्थिति बिगड़ने लगी।

**बैरिकेडिंग टूटी, कई श्रद्धालु गिरे**

भीड़ के बढ़ते दबाव के कारण प्रशासन की ओर से लगाई गई बैरिकेडिंग भी टूट गई। कतार टूटने के बाद श्रद्धालुओं के बीच अफरातफरी मच गई। इस दौरान करीब आधा दर्जन श्रद्धालु गिरकर घायल हो गए। भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए। बताया गया कि भीड़ के दबाव के कारण उनकी वर्दी तक फट गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल स्थिति को संभालने का प्रयास शुरू किया।

**डीएम-एसपी समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे**

स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही मधेपुरा डीएम, एसपी, एसडीएम और एसडीपीओ समेत प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम ने भीड़ को नियंत्रित किया और श्रद्धालुओं को दोबारा कतार में लगाकर जलाभिषेक की व्यवस्था शुरू कराई। अधिकारियों ने भीड़ को व्यवस्थित करने के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मौके पर व्यवस्था संभाली। मंदिर न्यास समिति और प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से धैर्य और शांति बनाए रखने की अपील भी की गई।

**घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती**


घटना के बाद घायल श्रद्धालुओं को तत्काल जेएनकेटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। घायलों में सहरसा के सोनबरसा थाना क्षेत्र के जलसीमा वार्ड-4 निवासी रूना देवी, सुपौल के मानगंज निवासी सिन्टू कुमार, सिपाही सिद्धांत कुमार और सुलेना देवी शामिल हैं। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से जलाभिषेक कराने के लिए व्यवस्था को दोबारा व्यवस्थित किया गया।

# Weather Update: नोएडा समेत दिल्ली-एनसीआर में छाए बादल,

## गाजियाबाद में झमाझम बारिश, फरीदाबाद में भी बरसे बदरा



दिल्ली एनसीआर में सोमवार को मौसम ने फिर करवट ली। गाजियाबाद, फरीदाबाद समेत एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। नोएडा में बादल छाए हुए हैं और हवा चल रही है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदल गया है। आसमान में छाए बादल और कहीं-कहीं हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत दी है। मौसम विभाग के अनुसार, नोएडा, दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बारिश की संभावना बनी हुई है। वहीं, गाजियाबाद में झमाझम बारिश हो रही है।फरीदाबाद में बारिश ने लोगों को पिछले कुछ दिनों से सता रही उमस और गर्मी से थोड़ी राहत पहुंचाई है। फिलहाल नोएडा में काले बादल छाए हुए हैं और हवा चल रही है। मौसम विभाग ने आज एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है।राजधानी दिल्ली में मौसम ने रविवार को करवट बदली। हल्की बौछार के साथ लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि बारिश के बाद उमस से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग ने सोमवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। रविवार को अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री (सामान्य से 0.3 कम) व न्यूनतम 25.9 डिग्री (सामान्य से 0.6 कम) दर्ज किया गया।मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को कम दबाव का क्षेत्र घटेगा, लेकिन कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। नमी 60 प्रतिशत से अधिक रहने के कारण उमस परेशान करेगी। मंगलवार से अगले शनिवार तक बादलों की आवाजाही कम रहेगी और धूप निकलने से अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जिससे उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी।



# तीसरे दिन भी लापता मिथुन:

## दिल्ली के खुले नाले में बह गया था 15 वर्षीय किशोर, परिजनों ने प्रशासन पर उठाए सवाल

जसोला में शनिवार दोपहर पतंग पकड़ने के दौरान 15 वर्षीय मिथुन खुले नाले में गिर गया था।उसकी तलाश में एनडीआरएफ, दमकल, डीडीएमए समेत कई एजेंसियों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सरिता विहार के जसोला में खुले गंदे नाले में गिरे किशोर का तीसरे दिन भी पता नहीं चल पाया। सर्च अभियान तीसरे दिन भी जारी है। शनिवार दोपहर पतंग पकड़ने के दौरान 15 वर्षीय मिथुन नाले में गिर गया था। जिसके बाद शनिवार और रविवार को सर्च अभियान चलाया गया। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका।उसकी तलाश में एनडीआरएफ, दमकल, डीडीएमए समेत कई एजेंसियों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इससे नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने रविवार को सड़क पर जाम लगा दिया। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सर्च ऑपरेशन तेज करने की मांग की।



परिजनों का आरोप है कि नाले में तेज बहाव और घनी झाड़ियों के बावजूद तलाश प्रभावी तरीके से नहीं की जा रही है। उनका कहना था कि संबंधित एजेंसियां नाले में उतरकर तलाशी लेने के बजाय लकड़ी के सहारे पानी में जांच कर रही हैं। समय रहते गंभीरता से तलाश की जाती तो मिथुन का पता चल सकता था। लोगों ने प्रशासन से आधुनिक उपकरणों और पर्याप्त संसाधनों के साथ अभियान चलाने की मांग की।वहीं, एनडीआरएफ के मुताबिक, नाले में पानी का बहाव काफी तेज है। इसके अलावा आसपास घनी झाड़ियां होने के कारण तलाशी अभियान में दिक्कत आ रही है।

**बेटे की तलाश में खुद नाले में उतर गया पिता**

सर्च ऑपरेशन के बावजूद जब बेटे का कोई पता नहीं चला तो उसके पिता अवधेश खुद नाले में उतर गए। गंदे और तेज बहाव वाले पानी के बीच वह अपने बेटे को तलाशते रहे। परिजनों का कहना है कि मिथुन के मिलने तक तलाशी अभियान बंद नहीं होना चाहिए।

# शीबा हत्याकांड: चलती कार में दबाया गला,

## सांस चलते देखी तो ईंट से कुचलकर मारा; दूसरी पत्नी हत्या की पूरी कहानी




मेरठ के सरधना में 19 अगस्त को हुए शीबा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पांच बेटियों के पिता कंकरखेड़ा के सादिक ने शीबा को गुमराह कर बेटे की चाहत में दूसरी शादी की थी। बेटा होने के बाद आरोपी उसे मार डाला।मेरठ के शीबा हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पांच बेटियों का पिता होने के बावजूद बेटे की चाहत में शादी कर दूसरी पत्नी शीबा (26) की हत्या करने के आरोपी सादिक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि सादिक कार चला रहा था। कार में पीछे बैठी शीबा का गला उसकी सास वसीला, सादिक की पहली पत्नी आसिया ने दबाया था। अधमरी हालत में गन्ने के खेत में फेंकने पर उन्होंने उसकी सांस चलती देखी तो सादिक, उसके भाइयों, वसीला व आसिया ने ईंट से सिर और चेहरा कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। रविवार को ही पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस सादिक के भाई आबिद की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।



एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि भावनपुर के सियाल गांव निवासी शीबा की शादी वर्ष 2019 में कंकरखेड़ा क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर लाला निवासी शाहरुख के साथ हुई थी। दोनों के पांच साल की बेटी नविया है। शाहरुख कुछ समय के लिए गाजियाबाद की सीमेंट फैक्टरी में काम करने गया था। इसी दौरान शीबा की मुलाकात गांव के ही सादिक से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। सादिक पहले से शादीशुदा था। उसकी पहली पत्नी आसिया से पांच बेटियां हैं।

**आसिया और सादिक में होता था विवाद**

आसिया के बेटा न होने के कारण सादिक ने शीबा से शादी की थी। बेटा होने के बाद आसिया को उसकी सास वसीला ताने देने लगी थी। इस बात पर आसिया और सादिक में विवाद होता था। इधर, शीबा अपनी पहले पति की बेटी नविया को भी अपने साथ रखना चाहती थी। इसके चलते सादिक और उसके परिजनों ने शीबा के 18 माह के बेटे को अपने पास रखने और शीबा की हत्या की साजिश रची थी।



**शीबा की कॉल से खुला हत्या का राज**

19 अगस्त को सादिक अपने परिवार के सदस्यों के साथ शीबा को जबरन कार में लेकर निकला था। रास्ते में शीबा ने अपने भाई जुनैद को कॉल कर बताया था कि उसे जबरन कार में ले जाया जा रहा है और सादिक उसे देहरादून ले जाने की बात कह रहा है। इसके बाद कार में विवाद हुआ।छीना-झपटी के दौरान शीबा का मोबाइल टूट गया। जुनैद का आरोप है कि इसी दौरान आरोपियों ने कार में ही उसका गला दबा दिया लेकिन इससे उसकी मृत्यु नहीं हुई तो उन्होंने खेत में शीबा को फेंकने के बाद ईंट से वार कर उसकी जान ले ली। 21 अगस्त को सोशल मीडिया पर मृतका शीबा की तस्वीर देखने के बाद परिवार ने सरधना थाना पहुंचकर उसकी पहचान की थी। अभी शीबा के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है। पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई कार और ईंट भी सादिक की निशानदेही पर बरामद कर ली है।



# एक और पति का कत्ल:

## मार दिया', मकान मालकिन ने पत्नी को लेकर खोला ऐसा राज; चौंक गया हर कोई




कुरुक्षेत्र के राजेश हत्याकांड में मकान मालकिन ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी बिमला सनकी है। वो टोना-टोटका करती थी। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि राजेश ने शुक्रवार को दिन में ही शराब पी ली थी। शाम को पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था।कुरुक्षेत्र के राजेश हत्याकांड में जैसे-जैसे पुलिस की जांच आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। रविवार को मकान मालिक रिंकू की मां अमरो देवी ने बताया कि बिमला सनकी किस्म की महिला है। वह टोना टोटका करती रहती थी। राजेश की हत्या करने के बाद जब आसपास के लोगों ने उससे वजह पूछी तो वह एक ही बात कह रही थी, मेरे सिर काली आ गई, मैंने राजेश को मार दिया। पुलिस के आते ही वह बेहोश हो गई।पिहोवा रोड स्थित राज पैलेस के पास जिस मकान में राजेश किराए पर रहते था उसके मालिक रिंकू के बयान भी पुलिस ने दर्ज किए हैं। राजेश, रिंकू के ही आरओ वाटर प्लांट में काम करता था। रिंकू ने बताया कि शाम को बिमला और राजेश में झगड़ा हुआ था। दोनों के चिल्लाने की आवाज आ रही थी।



इसी बीच राजेश की चीख सुनकर वह उनके कमरे में गए। वहां राजेश का शव पड़ा था। बिमला उसकी आंतों को कट्टे में पैक कर रही थी। उन्होंने उससे जैसे ही कहा कि ये क्या किया, वह भाग गई और कमरे से बाहर जाकर नीचे कूद गई। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसी मकान में भूतल पर रहने वाले वीरभान ने बताया कि राजेश कुछ दिनों से बहुत ज्यादा तनाव में था। वह तीन दिन से दिन में ही शराब पी रहा था। शुक्रवार को भी वह दोपहर से ही नशे में दिख रहा था। उससे लोगों ने कहा कि दिन में ही शराब क्यों पी रहे हो?



इस पर उसने माफी मांगते हुए कहा कि आज आखिरी बार पी है। वह शराब के नशे में ही आरओ प्लांट में काम करने चला गया। नशे में होने की वजह से रिंकू ने उसे वापस भेज दिया। दोपहर के बाद वह अपने कमरे पर चला गया। शाम को बिमला और राजेश के बीच झगड़े की आवाज आने लगी। बिमला के छत से कूदने के बाद राजेश की हत्या का पता चला।

**राजेश की तीसरी पत्नी है बिमला दो से हो चुका था तलाक**

पड़ोस के लोगों ने बताया कि बिमला राजेश की तीसरी पत्नी है। पहली दो पत्नियों से उसका तलाक हो चुका था। बिमला और राजेश की शादी को काफी समय हो गया था लेकिन कोई बच्चा नहीं था। दोनों का प्रेम विवाह हुआ था। बिमला अक्सर कमरे में ही रहती थी।बिमला आसपास के लोगों से कम ही वास्ता रखती थी। उसे कई बार कच्चे चावल और चीनी चबाते हुए देखा गया। राजेश मूलरूप से उत्तर प्रदेश के सीतापुर का रहने वाला था।

# Explainer: चांद के दक्षिणी ध्रुव में भारत से पिछड़ा चीन कैसे कर रहा बराबरी की कोशिश, क्या है मिशन, कितना अहम?

चीन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चांगई-7 मिशन लॉन्च करने की तैयारी में है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता के बाद चीन कैसे कर रहा बराबरी की कोशिश? चीन जल्द ही चांद के लिए अपना नया चंद्र मिशन लॉन्च करने वाला है। जानकारी के मुताबिक, अपने चांगई-7 मिशन को चीन सोमवार सुबह से लेकर अगले कुछ दिनों में सही मौका देखकर लॉन्च कर सकता है। चीन का यह मिशन इस लिए भी अहम है, क्योंकि इसके जरिए वह चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अपना रोवर उतारना चाहता है, जहां सूरज की रोशनी नहीं पहुंचती। मजेदार बात यह है कि भारत करीब तीन साल पहले ही चांद के इस इलाके में अपने रोवर की सफल लैंडिंग कराने वाला पहला देश बन चुका है। यानी चीन जिस रेस में पहले ही पिछड़ चुका है, अब वहां बराबरी की कोशिश में जुटा है। ऐसे में यह जानना अहम है कि भारत से पिछड़ने के बावजूद चीन का यह मिशन क्यों अहम है? क्यों कई देशों की अपने मिशन को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भेजने की कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं? अब चीन इस मिशन के जरिए क्या हासिल करना चाहता है? भारत फिलहाल दक्षिणी ध्रुव पर रिसर्च के मामले में किस पड़ाव पर है?




**पहले जानें- क्या है चीन का चांद पर भेजा जाने वाला मिशन?**

चांगई-7 चीन का चांद के लिए तय मानवरहित, रोबोटिक चंद्र मिशन है, जिसे अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी और जटिल रोबोटिक मिशन माना जा रहा है। इस मिशन का मुख्य मकसद चांद के दक्षिणी ध्रुव पर मौजूद स्थायी रूप से अंधेरे क्रेटरों (गड्ढों) में बर्फ (पानी) की खोज करना और जमीन पर इनकी मौजूदगी का नक्शा बनाना है। इस मिशन को लॉन्ग मार्च-5 वाई14 रॉकेट के जरिए हेनान प्रांत के वेनचांग स्पेस लॉन्च साइट से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसके प्रक्षेपण की संभावित समय-सीमा 24 अगस्त से 31 अगस्त 2026 के बीच की है। यह मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर मौजूद शेकलटन क्रेटर के किनारे पर उतरेगा। यह सौर मंडल के सबसे ठंडे स्थानों में से एक है, जहां तापमान -203 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

चीन के इस मिशन की खास बात यही है कि मिशन को मुख्यतः चांद की सतह पर पानी की खोज के लिए लॉन्च किया जा रहा है, इसलिए इसमें एक हॉपर भी भेजा जाएगा, जो कि ऐसा समर्पित हॉपर उपयोग करने वाला यह दुनिया का पहला मिशन होगा।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग:** मिशन में विभिन्न देशों और संगठनों के उपकरण भी शामिल हैं। जैसे इटली का लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर, रूस का धूल संसूचक यंत्र, स्विट्जरलैंड का रेडिएशन स्पेक्ट्रोमीटर और हांगकांग विश्वविद्यालय और आईएलओए हुआवे की ओर विकसित एक कॉम्पैक्ट कैमरा 'आईएलओ-सी' शामिल है, जो चंद्रमा की सतह से हमारी आकाशगंगा के गैलेक्टिक प्लेन की तस्वीरें लेगा।

**भविष्य का रास्ता:** यह मिशन चीन के चंद्र अन्वेषण के चौथे चरण का हिस्सा है। यह 2030 तक चंद्रमा पर पहले चीनी मानव लैंडिंग के लिए आधार तैयार कर रहा है और चांगई-8 (संभावित वर्ष 2028) के साथ मिलकर चीन के इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन (आईएलआरएस) के निर्माण में मदद करेगा।

**कौन से देश अब तक कर चुके चांद के दक्षिणी ध्रुव पर मिशन भेजने की कोशिश?**

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर मिशन भेजने और वहां पानी की खोज करने की कोशिश में पहले भी कई देश कोशिश कर चुके हैं। हालांकि, इनमें अधिकतर देश अब तक सफल नहीं हुए हैं। सिर्फ भारत ही अब तक वह देश रहा है, जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक अपना रोवर उतारा है और दक्षिणी ध्रुव पर पानी की खोज को आगे बढ़ाया है।

भारत: भारत का चंद्रयान-3 मिशन अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला दुनिया का पहला मिशन बना। इसने वहां की मिट्टी के तापमान की रीडिंग के जरिए दक्षिणी ध्रुव की सतह पर पानी की मौजूदगी के बेहद अहम नए प्रमाण खोजे। इससे पहले, भारत के चंद्रयान-1 मिशन ने भी चंद्रमा के ध्रुवीय क्रेटरों (गड्ढों) में जल-बर्फ होने के सबूत दिए थे।

रूस: साल 2023 में ही रूस ने भी दक्षिणी ध्रुव पर जमी हुई बर्फ की खोज के लिए अपना लूना-25 मिशन भेजा था। हालांकि, यह यान नियंत्रण खो देने के कारण चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और कोई वैज्ञानिक डेटा एकत्र नहीं कर सका।

अमेरिका: नासा ने सीधे तौर पर सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग से इतर अलग-अलग ऑर्बिटर और इम्पैक्ट मिशन्स के जरिए इस क्षेत्र का अध्ययन किया है। नासा के क्लेमेंटाइन (1994) और लूनर प्रॉस्पेक्टर (1998) शुरुआती मिशनों में से थे जिन्होंने चंद्रमा पर जल-बर्फ होने के संकेत खोजे थे। इसके बाद 2009 में नासा ने चंद्रमा के एक अंधेरे क्रेटर में जानबूझकर एक रॉकेट सेगमेंट और प्रोब को टकराया था, जिससे उड़े धूल के गुबार के विश्लेषण से वहां भारी मात्रा में जल-बर्फ होने की सीधे तौर पर पुष्टि हुई थी।

चीन अपने नए मिशन के जरिए क्या हासिल करना चाहता है?

**1. जल-बर्फ की खोज और इसकी मौजूदगी का विश्लेषण**

चूंकि कई अंतरिक्ष अभियानों ने चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी के संकेत दिए हैं, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस संसाधन का पूरी तरह से विश्लेषण नहीं किया है। चीन इस मिशन के जरिए यह पता लगाना चाहता है कि पानी वास्तव में कहां मौजूद है, कितनी गहराई पर है, किस रूप में है और क्या वहां तक पहुंचना व्यावहारिक रूप से संभव है।

**2. 2030 तक मानव लैंडिंग की तैयारी**

चांगई-7 मिशन से मिलने वाला तकनीकी अनुभव चीन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह मिशन साल 2030 तक चंद्रमा की सतह पर पहले चीनी अंतरिक्ष यात्री को उतारने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए जमीन तैयार करेगा।

**3. इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन की नींव**

यह अभियान चीन के दीर्घकालिक वैज्ञानिक उद्देश्यों का हिस्सा है। चांगई-7 और इसके बाद 2028 में जाने वाला चांगई-8 मिशन मिलकर चंद्रमा पर चीन के प्रस्तावित इंटरनेशनल लूनर रिसर्च स्टेशन के निर्माण में अहम कदम साबित होंगे।

**4. भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अहम संसाधन**

अगर वहां पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाता है, तो उसका इस्तेमाल न सिर्फ चालक दल के पीने के पानी के रूप में होगा, बल्कि उससे ऑक्सीजन (सांस लेने के लिए) और हाइड्रोजन (रॉकेट ईंधन के रूप में) भी तैयार की जा सकती है। इससे चंद्रमा से ही भविष्य में मंगल ग्रह या गहरे अंतरिक्ष के अभियानों को ईंधन देकर लॉन्च करने में मदद मिलेगी।

**5. वैज्ञानिक और खगोलीय अध्ययन**

यह मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के भू-भाग, पर्यावरण, संरचना, वहां की मिट्टी व चट्टानों की बनावट और बाकी वाष्प में बदलने वाले पदार्थों का गहराई से अध्ययन करेगा। इसके अलावा लैंडर पर लगा विशेष कैमरा पहली बार चंद्रमा की सतह से हमारी आकाश गंगा के गैलेक्टिक प्लेन की अनोखी रंगीन तस्वीरें भी लेगा।इस तरह चीन का चांगई-7 मिशन केवल एक चंद्र यात्रा नहीं है, बल्कि यह भविष्य में मनुष्यों के चंद्रमा पर रहने और वहां से गहरे ब्रह्मांड की खोज करने की दिशा में एक बहुत बड़ी वैज्ञानिक कोशिश साबित हो सकता है।

**भारत की दक्षिणी ध्रुव पर खोज किस चरण में?**

भारत की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर खोज काफी हद तक सफल रही है और इसके ऐतिहासिक वैज्ञानिक डेटा का विश्लेषण आज भी लगातार नए खुलासे कर रहा है। हाल ही में (मई 2026 में) चंद्रयान-3 मिशन को इसकी अभूतपूर्व सफलताओं के लिए अमेरिका के प्रतिष्ठित 2026 गॉडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**1. विक्रम लैंडर के 'हॉप' प्रयोग से मिली नई जानकारियां**

अपने मिशन के अंतिम चरण में चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने अपने इंजनों को दोबारा चालू करके चंद्रमा की सतह पर एक नियंत्रित हॉप (उछाल) प्रयोग किया था। वह अपनी शुरुआती जगह से लगभग 50 सेमी दूर जाकर उतरा। इस प्रयोग के बाद वहां लगाए गए उपकरण ChaSTE, जिसे चांद की सतह पर थर्मोफिजिकल (तापमान की पहचान के लिए एक्सपेरिमेंट) जांच के लिए लगाया गया था, के डेटा विश्लेषण से चंद्रमा की मिट्टी के बारे में काफी अनोखी वैज्ञानिक जानकारियां मिली हैं। इसे हाल ही में अमेरिकी एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी की ओर से प्रकाशित किया गया है। परतदार मिट्टी की संरचना: विक्रम लैंडर के डेटा के विश्लेषण से यह भी सामने आया है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की ऊपरी 6.5 सेमी सतह कोई समान धूल का ढेर नहीं है, बल्कि यह दो अलग-अलग गुणों वाली परतों से बनी है।

**गहराई में सघन मिट्टी:** सतह के नीचे जाने पर मिट्टी का खिंचाव और उसका घनत्व काफी बढ़ जाता है। इसका मतलब है कि गहराई में मिट्टी ज्यादा पैक और चिपचिपी है।

**तापमान में तेजी से गिरावट:** स्थानीय गड्ढों और खाइयों के कारण वहां एक छाया प्रभाव काम करता है, जिसकी वजह से तापमान वैश्विक मॉडलों के अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से गिरता है।

**इंजन के प्रभाव से बदलाव:** विक्रम लैंडर के इंजन के दोबारा स्टार्ट होने से वहां की ऊपरी 3 सेमी मिट्टी उड़ गई और उसके नीचे का संकुचित हिस्सा बाहर आ गया।

यह चंद्रमा की मिट्टी की स्थानीय विविधता का सतह पर किया गया पहला सीधा विश्लेषण है, जो भविष्य में वहां इंसानी घर बनाने और सतह से पानी निकालने की तकनीक विकसित करने में बहुत काम आएगा।

# India-Japan Investment: जापान से कारोबार बढ़ाने पर भारत का फोकस, गोयल बोले- 1580 नई सुजुकी जैसी कंपनियां बनें

India Japan Trade: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-जापान कारोबारी साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर जोर दिया। उन्होंने भारत में मौजूद 1,580 जापानी कंपनियों से सुजुकी जैसी सफलता की मिसाल बनने की उम्मीद जताई। क्या जापानी निवेश को और बढ़ाया जाएगा? केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और जापान के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कारोबारी सहयोग को अगले दशक में नई ऊंचाई तक ले जाने की जरूरत है। गोयल ने जापान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (JCCI) की जापान-इंडिया बिजनेस कंसल्टेटिव कमेटी (JIBCC) और भारतीय दूतावास की राउंड टेबल बैठक में यह बात कही।

**डेटा सेंटर, मैन्युफैक्चरिंग और AI में निवेश के अवसर**

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में डेटा सेंटर, विनिर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत और जापान के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों का फायदा दोनों देशों को मिले और द्विपक्षीय व्यापार अधिक संतुलित दिशा में आगे बढ़े। गोयल भारत-जापान व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 200 से अधिक प्रतिनिधियों वाले बड़े कारोबारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। गोयल के मुताबिक, आगामी समझौतों के बाद भारत के FTA नेटवर्क के जरिए दुनिया के करीब 75 प्रतिशत व्यापार को कवर करने का लक्ष्य है। इससे भारत वैश्विक वैल्यू चेन में एक भरोसेमंद साझेदार के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत कर सकेगा।

> सुजुकी ने भारत में चार दशकों में जिस तरह सफलता की मिसाल कायम की है, हम वैसी ही कई और कहानियां देखना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य है कि भारत में मौजूद 1,580 कंपनियां भी इसी तरह आगे बढ़ें और देश को वैश्विक कारोबार का मजबूत केंद्र बनाएं।
>
> *पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री*



गोयल ने कहा कि भारत और जापान इस वर्ष राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और इसे 'इंडिया-जापान ईयर ऑफ शेयर्ड होराइजंस' के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों की साझेदारी के भविष्य और अगले दशक में कारोबार के स्तर पर सहयोग बढ़ाने की दिशा में चर्चा का बेहतर अवसर है।

**दोगुनी हो जापानी कंपनियों की मौजूदगी**

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत में पहले से बड़ी संख्या में जापानी कंपनियां काम कर रही हैं। उनका लक्ष्य है कि इस दशक में भारत में सक्रिय जापानी कंपनियों की संख्या मौजूदा स्तर से दोगुनी हो। उन्होंने कहा कि भारत लगातार सुधार के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा में जापान को साझेदार के रूप में देखता है। गोयल के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था आज करीब चार ट्रिलियन डॉलर की है और 2047 तक इसे 30 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

**भारत में बनें 1,580 'सुजुकी' जैसी कंपनियां**

गोयल ने भारत की युवा आबादी को देश की बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि यहां कामकाजी आबादी की औसत उम्र 30 वर्ष से कम है और आने वाले कई दशकों तक यह आबादी युवा बनी रहने की उम्मीद है। उन्होंने जापानी कंपनी सुजुकी का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत में कंपनी ने पिछले चार दशकों में लंबा सफर तय किया है और आज उसके बड़े तथा लाभदायक कारोबार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। गोयल ने कहा कि वह भारत में प्रतिनिधित्व करने वाली 1,580 कंपनियों से ऐसी ही सफलता की उम्मीद करते हैं और चाहते हैं कि भारत से 1,580 सुजुकी जैसी कंपनियां विकसित हों।

**8-9 देशों के समूहों से FTA पर बातचीत**

गोयल ने बताया कि भारत फिलहाल 8-9 और देशों या देशों के समूहों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को लेकर बातचीत कर रहा है। इन संभावित समझौतों से करीब 15 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त अर्थव्यवस्था तक बाजार पहुंच मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इन समझौतों के जरिए करीब 60 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त GDP वाली 38 विकसित अर्थव्यवस्थाओं तक पहुंच बनी है। जापान, दक्षिण कोरिया और ASEAN क्षेत्र के साथ पहले हुए व्यापार समझौतों ने भी करीब 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंच उपलब्ध कराई है।

# मेलिंडा का नया जीवन मंत्र: अपने लिए समय निकालना स्वार्थ नहीं, सबसे अमीर शख्स की पत्नी शादी टूटने से कैसे उबरीं



- **दुनिया के सबसे अमीर शख्स बिल गेट्स की पत्नी थीं मेलिंडा।**
- **नई किताब में तलाक को जीवन का सबसे मुश्किल दौर बताया।**
- **जब एक साथ कई जिम्मेदारियां संभाल रहे हों, तो हर काम में संपूर्णता की जिद छोड़ें सबकुछ सही नहीं हो सकता।**

**कभी माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के संस्थापक और लंबे समय तक दुनिया के सबसे अमीर शख्स रहे बिल गेट्स की पत्नी मेलिंडा एन फ्रेंच गेट्स (60) ने शादी के 27 साल बाद हुए तलाक को जीवन का सबसे मुश्किल दौर बताया है। तलाक के बाद उनके जीवन में बड़ा शून्य और तनाव आ गया था। हालांकि अब वह इससे उबर चुकी हैं और अपनी नई पुस्तक द नेक्स्ट डे: ट्रांजिशंस, चेंज, एंड मूविंग फॉरवर्ड में उन्होंने इस दौर से बाहर निकलने का अपना निजी अनुभव और तरीका साझा किया।**

**उन्होंने लोगों को नया जीवन मंत्र दिया है, तनाव से राहत पाने के लिए अपने स्मार्टफोन को दूर रखें और रोज कम से कम 10 मिनट पूरी तरह शांत वातावरण में केवल खुद के साथ बिताएं। इस दौरान चाहे ध्यान लगाएं, हल्की जॉगिंग करें या फिर आंखें बंद करके सिर्फ गहरी सांसें लें, इनसे आपके शरीर और मन में नई ऊर्जा भर सकती है। यह 10 मिनट आपके लिए संजीवनी का काम कर सकता है।**

**अपने लिए समय निकालना स्वार्थ नहीं**

**मेलिंडा मानती हैं कि शुरुआत में वे स्वयं के लिए समय निकालने को बेकार का विचार मानती थीं। उनका सारा समय तीनों बच्चों की देखभाल में बीत जाता था। बच्चों को स्कूल भेजने के बाद या उनके सोने के समय उन्हें यह अहसास हुआ कि यदि वह खुद को आराम नहीं देंगी तो मानसिक रूप से थक जाएंगी।**

**यह दरअसल उनके लिए आत्मसाक्षात्कार का समय था। इस समय उन्होंने समझा कि खुद के लिए समय निकालना स्वार्थ नहीं है। वह खुद अंदर से शांत होंगी, तभी परिवार और समाज को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे पाएंगी।**

- **तुरंत व्यस्तता की ओर न भागें। जब जीवन में अचानक बड़ा परिवर्तन या दुख आए, तो खुद को किसी काम में झोंकने के बदले थोड़ा ठहरें। बीते लम्हों को महसूस करें और नई उत्पन्न स्थिति से सीखने का समय दें।**
- **हर काम में संपूर्णता की जिद छोड़ दें। जब आप परोपकार, मातृत्व, लेखन और बिजनेस एक साथ कई जिम्मेदारियां संभाल रहे हों, तो सब कुछ बिलकुल सही नहीं हो सकता। इसलिए इसका दबाव हटा दें और हर छोटी बात को नियंत्रित करने की आदत से बचें।**
- **अचानक आए बदलाव आपकी पहले से बनी योजनाओं और पहचान को ध्वस्त कर सकते हैं, लेकिन इस खालीपन में खुद के साथ बिताए गए कुछ शांत पल ही जीवन का वास्तविक सार हैं।**
- **असहजता को स्वीकारें। मानसिक विकास अक्सर असहज स्थितियों में ही होता है। इससे घबराने की जगह इसे अपनाएं।**

## विश्व व्यापार में बड़ा भूचाल: कनाडा-अमेरिका में ट्रेड वॉर भारत को मिलेगा लाभ, किन क्षेत्रों को लाभ के आसार?



**अमेरिका से टैरिफ के बावजूद लाभ**
अमेरिकी टैरिफ-नीति से भारत भी अछूता नहीं है। 23 जुलाई को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने सेक्शन 301 के तहत भारत पर अतिरिक्त 10% टैरिफ लगाया, जो प्रभावी है। हालांकि यह कई प्रतिस्पर्धी देशों से कम है। भारतीय निर्यात संगठन ने इसे भारत सरकार के कदमों को अमेरिकी मान्यता के रूप में देखा है।

**जेनरिक दवाओं की मांग बढ़ेगी**
अमेरिकी सरकार द्वारा कनाडा के ऑटो पार्ट्स, औद्योगिक सामग्री, सीमेंट और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स पर 50% टैरिफ थोपे जाने से ये सामान अमेरिका में काफी महंगे हो जाएंगे। ऐसे में अमेरिकी कंपनियां विकल्प के रूप में भारत की ओर रुख करेंगी। जेनेरिक दवाओं और टेक्सटाइल में तुरंत 10 से 15% उछाल आ सकता है।

अमेरिका-कनाडा में व्यापार वार्ता बिना समझौता टूटने के बाद शनिवार से 20 अरब डॉलर के कनाडाई उत्पादों पर 50% अमेरिकी टैरिफ लागू हो गया है। इससे दोनों देशों में ट्रेड वॉर शुरू हो गया है और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने अमेरिका को डॉलर के बदले डॉलर देने का एलान किया है।

**कनाडा की जगह ले सकेंगे भारतीय उत्पाद**
इस ट्रेड वॉर को अमेरिकी-कनाडाई मीडिया ने भारत के लिए मौका बताया है। भारत को इसका लाभ ट्रेड-डायवर्जन नीति के तहत मिल सकता है। वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा है कि अमेरिका जब भी किसी एक देश पर भारी टैरिफ लगाता है, तो अमेरिकी आयातक अक्सर वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता तलाशते हैं, जिससे भारत जैसे प्रतिस्पर्धी देशों को कुछ लाभ मिल सकता है।

**बड़े भूचाल का सीधा व परोक्ष लाभ भारतीय उद्यमियों को**
अमेरिकी बाजार में कनाडाई सामान की जगह भारतीय उत्पाद ले सकते हैं। इनमें ऑटो कंपोनेंट्स और आईटी सेक्टर प्रत्यक्ष लाभ में रहेंगे। विश्व व्यापार में आए इस बड़े भूचाल का सीधा व परोक्ष लाभ भारतीय अर्थव्यवस्था, निर्यातकों और आईटी सेक्टर को मिलने के पूरे आसार हैं। कनाडा के द ग्लोब एंड मेल ने कहा, जो सामान अमेरिका जाता था अब उसे सस्ते दामों पर भारत भेजने की अच्छी संभावनाएं हैं। कनाडा अब नए बाजार खोलेगा, जिसमें भारत प्रमुख होगा।

## पाम तेल बढ़ाएगा महंगाई: कम उत्पादन से कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर, कीमतों में 14 फीसदी से अधिक उछाल

दुनिया के सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले खाद्य तेलों में शामिल पाम ऑयल की कीमतों में तेज उछाल ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। सबसे बड़े उत्पादक इंडोनेशिया की बायोडीजल नीति और दक्षिण-पूर्व एशिया में सूखे मौसम व उत्पादन को लेकर बढ़ती आशंकाओं के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में पाम तेल की कीमतें करीब 20 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। इससे वैश्विक बाजार में तेजी का माहौल बन गया है। इसका सबसे बड़ा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ सकता है।






**होटलों और ढाबों में खाना होगा महंगा**
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में पाम तेल का उपयोग लंबे शेल्फ-लाइफ और कम लागत के कारण सबसे अधिक होता है। इसके महंगे होने से कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी या पैकेट का वजन घटाना पड़ेगा। साबुन बनाने के लिए मुख्य कच्चा माल पाम फैटी एसिड होता है।

**आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी कितनी?**
भारत अपनी खाद्य तेल जरूरतों का लगभग 58-60 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। आंकड़ों के अनुसार, तेल वर्ष 2024-25 में देश ने करीब 1.63 करोड़ टन खाद्य तेल का आयात किया, जिसमें पाम तेल की हिस्सेदारी लगभग 90 लाख टन रही। इंडोनेशिया और मलयेशिया भारत के लिए पाम तेल के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता हैं।

**पाम तेल केवल रसोई तक सीमित नहीं**
भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का करीब 60% हिस्सा विदेशों से मंगाता है। जुलाई 2026 में भारत का खाद्य तेल आयात 10 महीने के उच्च स्तर 14.8 लाख टन पर पहुंच गया, जिसमें अकेले पाम तेल का आयात करीब 7.31 लाख टन रहा। उत्पादन घटने या कीमतें बढ़ने का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ना तय है। पाम तेल केवल रसोई तक सीमित नहीं है। इसका उपयोग बिस्कुट, नमकीन, बेकरी उत्पादों, रेस्तरां उद्योग, साबुन, डिटर्जेंट, शैंपू, कॉस्मेटिक्स में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

## Market Watch: विदेशी निवेशकों ने बदली चाल, भारतीय बाजार में वित्तीय और ऑटो शेयरों पर लगाया बड़ा दांव



अगस्त के पहले पखवारे में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपनी रणनीति बदली। 16,618 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश कर वित्तीय, ऑटो और उपभोक्ता शेयरों पर दांव लगाया, जबकि दूरसंचार से निकासी जारी रही। वैश्विक अनिश्चितताओं और बदलते बाजार परिदृश्य के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपनी निवेश रणनीति में तेजी से बदलाव किया है। एनएसडीएल के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 1 से 15 अगस्त, 2026 के दौरान कुल शुद्ध प्रवाह बढ़कर 16,618 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह पिछले पखवाड़े (16-31 जुलाई) के 4,642 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी अधिक है।

विदेशी निवेशकों ने अब भारी कर्ज और लंबे निवेश चक्र वाले पूंजी-गहन क्षेत्रों से पैसा निकाला है। इसके बजाय, उन्होंने उच्च-तरलता, स्थिर नकदी प्रवाह और रक्षात्मक अपील वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। इनमें वित्तीय, ऑटो और उपभोक्ता शेयर प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस बदलाव से भारतीय बाजार में इन क्षेत्रों में मजबूत खरीदारी का रुख देखने को मिला है। हालांकि, दूरसंचार जैसे कुछ क्षेत्रों से निवेशकों का मोहभंग जारी है।

अगस्त के पहले पखवाड़े में वित्तीय क्षेत्र विदेशी निवेशकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बना। जुलाई के दूसरे पखवाड़े में 2,669 करोड़ रुपये निकालने के बाद, अगस्त की शुरुआत में उन्होंने 6,535 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। यह कुल क्षेत्रीय प्रवाह का लगभग 40 फीसदी है। एसबीआई सिक्योरिटीज के अनुसार, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र पर लंबे समय से बना बिकवाली का दबाव अब हल्का हो गया है। विदेशी निधियां दोबारा इस क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं। इससे पहले मार्च से मई के दौरान इस क्षेत्र से 12,303 करोड़ रुपये की भारी निकासी हुई थी। विदेशी निवेशकों ने ऑटो शेयरों में अपनी खरीदारी लगभग दोगुनी कर दी है, जो 4,405 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

## घर-घर पहुंचेगी डिजिटल मुद्रा : यूपी समेत 7 राज्यों में ई-रुपये से मिलेगा अनाज, अब सात राज्यों में होगा लागू



प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा आधारित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का गुजरात, पुडुचेरी, चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली में सफल परीक्षण के बाद अब इसे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। देश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत हर महीने करीब 78.85 करोड़ लाभार्थियों को 19,000 करोड़ रुपये का खाद्यान्न वितरित किया जाता है। सीबीडीसी आधारित खाद्य सब्सिडी वितरण पायलट पहली बार 15 फरवरी 2026 को गुजरात में और उसके बाद 26 फरवरी 2026 को पुडुचेरी में शुरू किया गया था। इन पायलट प्रोजेक्ट्स के अनुभवों और सीखों के आधार पर भारत सरकार ने 14 अगस्त को चंडीगढ़ और दादरा एवं नगर हवेली में इसकी शुरुआत की है।




क्या है केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा
केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली आधिकारिक डिजिटल करेंसी है। यह जेब में रखे जाने वाले कागजी नोट या सिक्कों का ही डिजिटल स्वरूप है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत देशभर में चल रही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में फर्जीवाड़ा, राशन कार्डों के घपले और सब्सिडी के लीकेज को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की बड़े पैमाने पर योजना बनाई है। इसके तहत, खाद्य सब्सिडी पारंपरिक बैंक खाते के बजाय सीधे लाभार्थी के डिजिटल रुपया वॉलेट में ट्रांसफर की जाएगी। इसके बाद लाभार्थी एक सुरक्षित और ट्रैक करने योग्य डिजिटल भुगतान तंत्र के माध्यम से सूचीबद्ध व्यापारियों व दुकानदारों से खाद्यान्न खरीदने के लिए इस उद्देश्य आधारित डिजिटल सब्सिडी का उपयोग कर सकेगा।

**कैसे काम करेगी यह व्यवस्था?**
स्मार्टफोन यूजर दुकान पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करेगा। दुकानदार का मार्जिन अलग और सरकार का हिस्सा तय खाते में स्वतः ट्रांसफर हो जाएगा। साधारण मोबाइल वाले यूजर्स को एसएमएस के जरिये ओटीपी आधारित वाउचर आएगा। दुकानदार जैसे ही सिस्टम में ओटीपी दर्ज करेगा, भुगतान पूरा हो जाएगा। अब तक राशन डीलर पर राशन खुले बाजार में बेचने के आरोप लगते थे। डिजिटल रुपये की रियल-टाइम ट्रैकिंग प्रणाली लीकेज, हेराफेरी को कम करने मदद करेगी। यदि कोई लाभार्थी एक निश्चित अवधि में अपना कूपन भुना नहीं पाता, तो वह स्वतः सरकारी खाते में लौट जाएगा, जिससे डीलर द्वारा पिछली तारीखों में फर्जी एंट्री बनाना असंभव होगा।क्या है केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा
केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली आधिकारिक डिजिटल करेंसी है।

## Explainer: अचानक क्यों महंगी हो रही चीनी? 65 रुपये किलो तक पहुंचा भाव; आपकी जेब पर क्या होगा असर?

चीनी की बढ़ती कीमतों ने त्योहारों से पहले आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बाजार में भाव 60-65 रुपये किलो तक पहुंचने के बीच सरकार ने कीमतों पर काबू पाने के लिए 10 लाख टन कच्ची चीनी शुल्क-मुक्त आयात करने का फैसला किया है। सवाल सिर्फ चीनी के महंगे होने का नहीं, बल्कि यह है कि आने वाले दिनों में इसकी कीमतें कहां तक जाएंगी और क्या सरकार का आयात वाला कदम त्योहारों से पहले राहत दिला पाएगा?देश में चीनी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। कुछ बाजारों में इसके दाम 65 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने की खबरें हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने 10 लाख मीट्रिक टन कच्ची चीनी बिना आयात शुल्क के मंगाने की अनुमति दी है। दस साल बाद ऐसा होगा जब भारत को चीनी का आयात करना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि चीनी के दाम अचानक क्यों बढ़ रहे हैं? क्या देश में चीनी की कमी है या आपूर्ति को लेकर समस्या है?





**चीनी के दाम क्यों बढ़ रहे हैं?**
चीनी की कीमतों में तेजी की सबसे बड़ी वजह घरेलू बाजार में इसकी उपलब्धता को लेकर बढ़ता दबाव है। देश में चीनी उत्पादन पिछले कुछ वर्षों में लगातार एक जैसा नहीं रहा है। कभी उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा तो कभी इसमें गिरावट देखने को मिली। 15 अप्रैल 2026 तक देश में 273.90 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन हो चुका था। इस दौरान देशभर में 541 चीनी मिलें चल रही थीं और उन्होंने 2,865.21 लाख मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की। गन्ने से चीनी निकलने की औसत दर 9.56 प्रतिशत रही।

## Gold Silver Price: दिल्ली में सोने का भाव 2,000 रुपये उछला चांदी भी चमकी; वैश्विक तनाव से बाजार में हलचल




**वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की क्या स्थिति है?**
वैश्विक स्तर पर हाजिर सोने का कारोबार 0.5 फीसदी की गिरावट के साथ 4,394.57 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर हुआ। चांदी के भाव में भी गिरावट दर्ज की गई। यह एक फीसदी से अधिक गिरकर 65.08 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई। मीराए एसेट शेयरखान में कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने इस पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया से उत्पन्न आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कच्चा तेल उछला। इसी वजह से सोना 4,392 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास मंडरा रहा था।कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च के सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाला ने कहा कि मजबूत अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और कुछ मुनाफावसूली के कारण हाजिर चांदी में 65 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस की ओर नरमी आई। चैनवाला ने यह भी बताया कि इस गिरावट के बावजूद, बुलियन के लिए व्यापक पृष्ठभूमि सकारात्मक बनी हुई है। इसे नरम फेड दर की उम्मीदों, चीन के नेतृत्व में केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी और स्थिर निवेश मांग से समर्थन मिल रहा है।

दिल्ली में सोने का भाव 2,000 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी भी 730 रुपये चढ़ी। खुदरा विक्रेताओं और जमाखोरों की खरीदारी के साथ पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने धातुओं को सहारा दिया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमत में 2,000 रुपये की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई। खुदरा विक्रेताओं और जमाखोरों की बढ़ी हुई खरीदारी के कारण यह लगातार दूसरे सत्र में बढ़त पर रहा। चांदी के भाव में भी 730 रुपये का उछाल आया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। सोमवार को यह 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी भी 2,40,730 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। यह दो सत्रों तक 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।




## The Bonus Market Update: बाजार में गिरावट का दौर जारी; सेंसेक्स 50 अंक से अधिक लुढ़का, निफ्टी 24,250 के नीचे




**बाजार में गिरावट की मुख्य वजह क्या है?**
भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार की गिरावट के पीछे दो प्रमुख कारण रहे। पहला, अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में पिछली रात हुई भारी गिरावट का असर भारतीय बाजार पर पड़ा। दूसरा, कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि भी बाजार के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इन वैश्विक संकेतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। इससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ गया।गुरुवार, 20 अगस्त को घरेलू इक्विटी बाजार में उछाल देखा गया था। निफ्टी में 0.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। इस दिन भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने सात सत्रों से चली आ रही गिरावट की श्रृंखला को तोड़ा था। निवेशकों ने निचले स्तरों पर मूल्य खरीदारी की थी। इससे बाजार को कुछ राहत मिली थी।विश्लेषकों का अनुमान है कि भारतीय बाजार सीमित दायरे में रह सकते हैं। हालांकि, हल्की सुधार की संभावना भी बनी हुई है। मजबूत वैश्विक संकेत भी बाजार को सहारा दे सकते हैं।

भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार, 21 अगस्त को गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 50 अंक से अधिक गिरा, जबकि निफ्टी 24,250 के नीचे आ गया। वॉल स्ट्रीट में नुकसान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर दिखा। आईटी शेयरों में भी गिरावट आई।भारतीय शेयर बार में शुक्रवार, 21 अगस्त को गिरावट का रुख रहा। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 50 अंक से अधिक लुढ़क गया। वहीं, निफ्टी भी 24,250 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे आ गया। यह गिरावट वॉल स्ट्रीट में रात भर के नुकसान और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण हुई। आईटी शेयरों में भी बिकवाली का दबाव देखा गया।गुरुवार, 20 अगस्त को भारतीय इक्विटी बेंचमार्क ने सात सत्रों की लगातार गिरावट को रोका था। हालांकि, शुक्रवार को बाजार इस सुधार को बनाए रखने में संघर्ष करता दिखा। सुबह 09:33 बजे सेंसेक्स 77,486.07 अंक पर कारोबार कर रहा था। इसमें 51.65 अंक या 0.06 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 50 भी 24,219.20 अंक पर था। इसमें 12.65 अंक या 0.05 फीसदी की कमी आई।सात लगातार सत्रों की गिरावट के बाद मूल्य खरीदारी इसका समर्थन कर सकती है।

# अजय देवगन ने 'दृश्यम 3' के शीर्षक का किया एलान नए पोस्टर के साथ सामने आई फिल्म की रिलीज डेट



Drishyam 3 Update: अजय देवगन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' के साथ आ रहे हैं। उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट बताई है। इसके साथ उन्होंने इसका टाइटल भी रिवील किया है। अजय देवगन 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की तीसरी और आखिरी फिल्म में विजय सलगांवकर के रोल में वापसी कर रहे हैं। एक्टर ने तीसरी फिल्म का आधिकारिक टाइटल 'दृश्यम: द कन्क्लूजन' अनाउंस किया है। यह फिल्म दो अक्तूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अंदाजा लगाया जाता है कि इस फिल्म में यह दिखाया जाएगा कि कहानी का आखिर में क्या अंजाम होता है। 24 अगस्त को अजय देवगन ने 'दृश्यम: द कन्क्लूजन' का पहला पोस्टर जारी किया और फ्रेंचाइजी के आखिरी चैप्टर का आधिकारिक एलान किया। पोस्टर पर लिखा है, 'मेरा सच, मेरा सही, सिर्फ मेरी फैमिली है।' यह कैप्शन विजय सलगांवकर की सोच को बखूबी दिखाता है। पोस्टर में अजय देवगन की तस्वीर है, जिसमें उनका आधा चेहरा और एक आंख दिख रही है। पोस्टर शेयर करते हुए अजय देवगन ने लिखा 'हर इंसान का नजरिया अलग होता है। मेरे लिए मेरा परिवार ही सबकुछ है। दृश्यम द कन्क्लूजन दो अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# घुटने की सर्जरी के बाद कार्तिक आर्यन ने की पहली पोस्ट अस्पताल से शेयर की तस्वीर कबीर खान ने किया ऐसा कमेंट





Kartik Aaryan Post: कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट पर कबीर खान ने मजाकिया अंदाज में कमेंट किया है। पोस्ट में कार्तिक ने पिछले दिनों की झलकियां दिखाई हैं। घुटने की सफल सर्जरी होने के बाद कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर पहली पोस्ट शेयर की है। उन्हें कबीर खान के निर्देशन में बन रही एक फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लगी थी। पोस्ट में अभिनेता ने फैंस को अस्पताल में बिताए समय, अपनी चोट और ठीक होने के सफर की झलक दिखाई है।

- कार्तिक की पोस्ट में क्या है?रविवार, 23 अगस्त को कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए।
- एक तस्वीर में उन्हें घुटने के ब्रेस में बंधी अपनी चोटिल टांग के साथ देखा जा सकता है।
- दूसरी तस्वीर में मजाकिया मैसेज था 'पैर काम नहीं कर रहा'।
- एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर में एक्टर अस्पताल के बिस्तर पर बैठे दिखे। बाएं हाथ में कैनुला लगा हुआ था।
- पोस्ट में कार्तिक के दौड़ने और फिल्म के लिए जबरदस्त ट्रेनिंग करने के पुराने पल भी दिखाए गए।

**कबीर खान ने दिया रिएक्शन**

पोस्ट के कैप्शन में कार्तिक आर्यन ने लिखा 'कबीर सर ने कहा, पैर तोड़ दो।' इस पोस्ट पर कबीर खान ने कमेंट करते हुए लिखा 'हर बात को इतने गौर से मत सुना करो।' 22 अगस्त को खबर आई कि कार्तिक आर्यन के घुटने की सर्जरी पूरी तरह से सफल रही। वह इलाज के बाद अपने घर भी आ गए। कार्तिक आर्यन के प्रवक्ता के मुताबिक अभिनेता अभी ठीक हो रहे हैं और उम्मीद है कि जल्द ही शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। अभिनेता के प्रवक्ता ने कहा, 'कार्तिक आर्यन को अपनी फिल्म के सेट पर एक्शन सीन करते समय घुटने में चोट लग गई थी।

# यूजर्स को पसंद आई भूमि पेडनेकर की ये अदा





Bhumi Pednekar Viral Video: भूमि पेडनेकर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में उन्होंने कुछ ऐसा किया है, जिससे उनकी काफी तारीफ हो रही है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला? बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपने एक कारनामे की वजह से चर्चा में आ गईं हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्होंने जो किया है, उसके लिए उनकी तारीफ हो रही है। कई यूजर्स ने उनके संस्कार को लेकर कमेंट किए हैं। सोशल मीडिया पर भूमि पेडनेकर का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें देखा जा सकता है कि हाल ही में अभिनेत्री एक कार्यक्रम में पहुंचीं। वह रेड कार्पेट पर कैमरे के सामने पोज देने आईं। इसी दौरान वहां राष्ट्रगान बजने लगा।

- उन्होंने ठहर कर पैपराजी से कहा 'रुको राष्ट्रगान हो रहा है।' इसके बाद वह रेड कार्पेट से अलग हट गईं। वह राष्ट्रगान के सम्मान में एक जगह पर शांत खड़ी हो गईं। यूजर्स को पसंद आया भूमि का अंदाजइस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भूमि की काफी तारीफ हो रही।
- एक यूजर ने उनकी तारीफ में लिखा 'बहुत अच्छे भूमि।'
- एक दूसरे यूजर ने लिखा 'बहुत अच्छे, राष्ट्रगान का सम्मान किया।'
- एक और यूजर ने लिखा 'इसलिए शिक्षा जरूरी है।'
- एक और यूजर ने लिखा 'इतने संस्कार तो सबके अंदर होने ही चाहिए।' वहीं कुछ यूजर्स ऐसे भी थे, जिन्होंने भूमि की इस हरकत को गलत बताया है।

# कौन हैं गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स? 16 की उम्र में शुरू की थी मॉडलिंग कुछ ऐसे हुई अर्जुन रामपाल से पहली मुलाकात





Who is Gabriella Demetriades: बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने शुक्रवार को गोवा में गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स के साथ अपनी शादी को रजिस्टर करवाया। अर्जुन रामपाल और गैब्रिएला 2018 से एक-दूसरे के साथ हैं। दोनों ने हाल ही में गोवा में कोर्ट मैरिज कर अपने रिश्ते को कानूनी रूप दे दिया है। दोनों ने गोवा के बारदेज सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में शादी रजिस्टर कराई। शादी के बाद एक बार फिर गैब्रिएला के काम, उनकी सोशल मीडिया मौजूदगी और उनकी फैमिली लाइफ को लेकर लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई है। अर्जुन रामपाल और गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स की पहली मुलाकात काफी समय पहले एक कॉमन फ्रेंड (रजत पटेल) की पार्टी में हुई थी, जब गैब्रिएला बहुत कम उम्र की थीं। हालांकि, तब दोनों के बीच कोई खास बातचीत या जुड़ाव नहीं हुआ था। इसके काफी समय बाद, जब दोनों अपने पिछले रिश्तों से बाहर आए, तो वे दोबारा मिले और एक-दूसरे के करीब आए मॉडलिंग के साथ गैब्रिएला ने एक्टिंग में भी हाथ आजमाया। उन्होंने 'इश्क झमेला', 'सोनाली केबल' और तेलुगु-तमिल फिल्म 'ऊपिरी' जैसी फिल्मों में काम किया है। गैब्रिएला सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 7 लाख फॉलोअर्स हैं।

# Miss Universe India 2026

## मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज केरल की सुंदरी लिज़ को




Miss Universe India 2026: मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 के टॉप-5 फाइनलिस्ट में तमिलनाडु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र से उत्तराखंड तक की सुंदरियां शामिल रहीं। मिस यूनिवर्स 2026 का खिताब किसे मिला? जानिए इस खबर मेंमिस यूनिवर्स इंडिया 2026 प्रतियोगिता में 53 सुंदरियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी। टॉप-5 फाइलिस्ट में तमिलनाडु की वैष्णवी (Vaishnavi Ganesh), महाराष्ट्र की तेजस्विनी श्रीवास्तव, केरल की कैजिया लिज मैजो (Kaziah Liz Mejo), गुजरात की अनुश्री सतवालेकर (Anushri Satavlekar) और उत्तराखंड की अनुभा वशिष्ठ (Anubha Vashisht) शामिल रहीं।

अंतिम राउंड में इन लोगों के सामने 40 सेकेंड में अपने क्लोजिंग रिमार्क पेश करने की चुनौती रखी गई। पांचों फाइनलिस्ट ने भविष्य को लेकर अपना नजरिया, अब तक के जीवन में मिली चुनौतियां, इस मंच तक के सफर जैसे विषयों को बखूबी समाहित किया। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 की विजेता का एलान रात करीब 2.50 बजे किया गया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 की विजेता मनिका विश्वकर्मा ने केरल की विजेता को क्राउन पहनाया। फाइनल स्पर्धा के शीर्ष दो स्थान पर केरल और तमिलनाडु की सुंदरियां पहुंचीं। ताज केरल की युवा प्रतिभा को पहनाया गया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का ग्रैंड फिनाले जयपुर में हुआ

# Awarapan 3: क्या बन रही 'आवारापन 3'?

## फिल्म को लेकर बिलाल सिद्दीकी का बड़ा खुलासा



Awarapan 2: एक्टर इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। अब फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर राइटर बिलाल सिद्दीकी ने बड़ा खुलासा किया है। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। इमरान हाशमी और दिशा पटानी की फिल्म 'आवारापन 2' 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब इसके तीसरे पार्ट पर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। इंडिया टुडे को दिए इंटरव्यू में जब बिलाल से पूछा गया कि क्या शिवम की कहानी इसके तीसरे पार्ट में आगे बढ़ सकती है? तब उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि विशाल (प्रोड्यूसर) ने पार्ट 2 का अंत इस तरह रखा है कि अगर वह चाहें तो कहानी को आगे बढ़ा सकते हैं। इसलिए, हम अभी उनसे और उनके प्लान के बारे में सुनने का इंतजार कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि फैंस शिवम के किरदार को इतना पसंद करते हैं कि वे उसे एक और पार्ट में जरूर देखना चाहेंगे। मेरे दिमाग में भी यही था कि पार्ट 3 की कहानी कैसी हो सकती है या उसे किस तरह आगे बढ़ाया जा सकता है। लेकिन अभी तक कोई कहानी तय नहीं हुई है। किसी ने अभी तक उस पर काम भी शुरू नहीं किया है।' नितिन कक्कड़ निर्देशित फिल्म 'आवारापन 2' की कहानी की बात की जाए तो इसमें शिवम (इमरान) को दिवंगत प्रेमिका (श्रिया सरन) की कब्र पर एक लावारिस बच्ची मिलती है। वह उसका नाम आलिया रखता है। शिवम उसे अनाथालय में छोड़ देता है। यह फिल्म 2007 में रिलीज हुई

# Rohullah Mehdi: ड्रग केस में गिरफ्तार हुआ यह अभिनेता शाहिद कपूर के साथ कर चुका है काम पुलिस ने शुरू की जांच

मुंबई में पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली थी कि अभिनेता रोहुल्लाह मेहदी ड्रग तस्करी के लिए दहिसर चेक नाका आ रहा है। एएनआई की खबर के मुताबिक मुंबई के काशिमीरा पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर राजेंद्र कांबले ने एक टीम बनाई, इसके बाद निगरानी और जांच शुरू की।

**कितने ड्रग्स के साथ अभिनेता को पकड़ा गया?**

मीरा-भायंदर पुलिस के मुताबिक भी रूहुल्लाह मेहदी और उसके साथी को 28 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जब इस अभिनेता को पकड़ा तो कैमरे के सामने यह अपना चेहरा छिपाता नजर आया।

**अभिनेता ने कई फिल्में और वेब सीरीज की हैं?**

पुलिस के मुताबिक यह अभिनेता मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले का रहने वाला है, मुंबई के गोरेगांव में रहता था। अभिनेता रोहुल्लाह मेहदी ने शाहिद कपूर के साथ फिल्म 'देवा' में काम किया है। वह कई वेब सीरीज में भी नजर आ चुका है।

**क्या थी फिल्म 'देवा' की कहानी?**

शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' की कहानी की बात की जाए इसमें वह एक पुलिस ऑफिसर देव के रोल में हैं। वह एक विद्रोही स्वभाव का पुलिस वाला है। एक हाई-प्रोफाइल केस की जांच जब देव करता है, इस दौरान उसे धोखा भी मिलता है। क्या देव केस सॉल्व करता पाता है? धोखा देने वालों के साथ वह क्या करता है। यही फिल्म की कहानी है। इस फिल्म में अभिनेता रोहुल्लाह मेहदी ने छोटा सा किरदार निभाया था।



# Aaj Ka Rashifal 24 August

## धनु और मकर राशि वालों के लिए दिन रहेगा चुनौतीपूर्ण, जानें धन, करियर और रिश्तों का हाल




**Today Horoscope August 24** : सोमवार का दिन सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग अनुभव लेकर आएगा। ग्रहों की चाल का असर करियर, धन, प्रेम और पारिवारिक जीवन पर देखने को मिल सकता है। जानें मेष से मीन तक सभी राशियों का आज का भविष्यफल।

**Daily Horoscope 24 August**: सोमवार का दिन ग्रहों की चाल के लिहाज से कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज कुछ लोगों को नौकरी, कारोबार और आर्थिक मामलों में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ राशि वालों को जल्दबाजी में फैसला लेने से बचना होगा। परिवार और प्रेम संबंधों में भी दिन मिला-जुला असर दिखा सकता है। सेहत को लेकर भी लापरवाही न करें और अपनी दिनचर्या पर ध्यान दें। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा|



### मेष

आज दिल और किस्मत दोनों आपका साथ देते नजर आएंगे। प्रेम जीवन में मिठास बढ़ेगी और पार्टनर के साथ आपकी बॉन्डिंग पहले से मजबूत होगी। आर्थिक स्थिति में भी सुधार के संकेत हैं। हालांकि, राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को थोड़ा सतर्क रहना होगा, क्योंकि विरोधी पर्दे के पीछे आपके खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश कर सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को किसी दोस्त की मदद से अच्छा रास्ता मिल सकता है। मन हो तो छोटी यात्रा पर निकलें, इससे मानसिक सुकून मिलेगा।



### वृषभ

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन जल्दबाजी से बचना जरूरी है। थोड़ी लापरवाही चोट या परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और बच्चों के लिए कोई सरप्राइज प्लान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में पूरा फोकस रखना होगा, क्योंकि मेहनत का सही परिणाम तभी मिलेगा। घूमने के दौरान कोई ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो आगे आपके काम आए। खर्च बढ़ने की संभावना भी है, इसलिए बजट का ध्यान रखें।



### मिथुन

आज सेहत के मामले में लापरवाही बिल्कुल न करें। पुरानी परेशानी दोबारा उभर सकती है, इसलिए समय रहते ध्यान देना बेहतर होगा। बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखना भी जरूरी है। सामाजिक क्षेत्र में आपका प्रभाव मजबूत रहेगा और कुछ नया करने की कोशिश सफल हो सकती है। लंबे समय बाद किसी पुराने दोस्त से मुलाकात मन खुश कर देगी। कारोबार में कोई अच्छी डील हाथ लग सकती है, लेकिन अंतिम फैसला लेने से पहले सभी पहलुओं को अच्छी तरह जांच लें।



### कर्क

आज आपको महसूस होगा कि हर लड़ाई ताकत से नहीं, बल्कि समझदारी से जीती जाती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं, लेकिन कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें। संतान की ओर से अच्छी खबर मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन में पार्टनर का समर्पण और सहयोग देखने को मिलेगा। परिवार से जुड़े किसी मामले में थोड़ी सतर्कता जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में लिया गया फैसला बाद में परेशानी का कारण बन सकता है।



### सिंह

आज मन थोड़ा भारी रह सकता है और तनाव भी महसूस हो सकता है। बच्चों की सेहत को लेकर लापरवाही न करें और जरूरत पड़ने पर तुरंत ध्यान दें। किसी जोखिम भरे काम में पैसा या समय लगाने से आज बचना बेहतर होगा। पिताजी आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। उसे गंभीरता से पूरा करें, वरना उनकी नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। दिन के दौरान कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी और घर में मेहमानों के आने से आपकी व्यस्तता भी बढ़ेगी।



### कन्या

आज कुछ चुनौतियां आपके सामने आ सकती हैं, लेकिन धैर्य और सकारात्मक सोच से आप उन्हें आसानी से पार कर लेंगे। नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। घर की साफ-सफाई, सजावट या किसी बदलाव पर ध्यान देने का मौका मिलेगा। परिवार में शादी से जुड़ी कोई पुरानी रुकावट दूर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ या बॉस की सलाह को नजरअंदाज करना नुकसानदेह हो सकता है। प्रमोशन में थोड़ी देरी हो सकती है, लेकिन इसे असफलता न समझें।



### तुला

आज का दिन आपको आगे बढ़ने के नए मौके देगा। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा और किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर भी मिल सकता है। किसी सहयोगी की कही बात आपको थोड़ी चुभ सकती है, लेकिन उसे दिल पर लेने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें। पुराने दोस्त से अचानक मुलाकात मन खुश कर देगी। जीवनसाथी के लिए नई नौकरी या करियर से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। आप जिस काम को पूरे मन से शुरू करेंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना है।



### वृश्चिक

आज सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं, हालांकि परिवार में किसी छोटी बात को लेकर तनाव हो सकता है। संतान के करियर को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण फैसला ले सकते हैं या उसके लिए यात्रा करनी पड़ सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा, लेकिन जरूरत से ज्यादा खाने से बचें, क्योंकि पेट से जुड़ी परेशानी हो सकती है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से राहत मिलेगी और पढ़ाई में ध्यान बेहतर होगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात मन को सुकून देगी।



### धनु

आज मन में थोड़ी बेचैनी रह सकती है और सेहत भी कमजोर महसूस हो सकती है। कारोबार की किसी डील को लेकर चिंता बनी रहेगी, इसलिए बिना पूरी जानकारी के फैसला न लें। मां से किया हुआ वादा पूरा करना जरूरी होगा, वरना मन में बेचैनी बनी रह सकती है। आर्थिक मामलों में किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें। आज नए निवेश से दूरी रखना बेहतर होगा। बैंकिंग या वित्तीय क्षेत्र से जुड़े लोगों को नौकरी का कोई अच्छा अवसर मिल सकता है।



### मकर

आज बढ़ते खर्च आपकी आर्थिक स्थिति पर दबाव डाल सकते हैं। अगर बजट का ध्यान नहीं रखा तो बचत भी प्रभावित हो सकती है। भाई-बहनों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका है और मामला कानूनी रूप भी ले सकता है, इसलिए बातचीत से समाधान निकालने की कोशिश करें। आलस्य और काम टालने की आदत आज नुकसान पहुंचा सकती है। किसी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके भरोसा न करें और जरूरी दस्तावेज या सामान संभालकर रखें।



### कुंभ

आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपके भीतर ऊर्जा और उत्साह भरपूर रहेगा। लंबी यात्रा की योजना बन सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझना आज बेहद जरूरी होगा, क्योंकि बिना सोचे कही गई कोई बात रिश्ते में तनाव पैदा कर सकती है। काम तेजी से पूरे होंगे, लेकिन दूसरों के निजी मामलों में दखल देने से बचें। राजनीति या सार्वजनिक जीवन में कदम बढ़ाने की सोच रहे हैं तो अपने आसपास के लोगों और परिस्थितियों को अच्छी तरह समझकर ही आगे बढ़ें।



### मीन

आज कानूनी मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। कारोबार में थोड़ा उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन पुराने निवेश, खासकर शेयर बाजार से जुड़े निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। किसी भी डील को फाइनल करने से पहले हर दस्तावेज और शर्त को ध्यान से पढ़ें। साझेदारी के मामलों में जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बन सकता है और इसके लिए लोन लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर सकते हैं। आर्थिक फैसला सोच-समझकर लेना ही बेहतर रहेगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## सिंह और कन्या को प्यार के मामले में रहना होगा सतर्क, छोटी बात बन सकती है विवाद की वजह




**Today Love Horoscope:** प्यार और रिश्तों के लिहाज से आज का दिन कुछ राशियों के लिए खास रह सकता है। किसी को पार्टनर का साथ मिलेगा, तो कुछ लोगों को रिश्ते में बातचीत और समझदारी से काम लेना होगा। जानें मेष से मीन तक सभी राशियों की लव लाइफ आज कैसी रहेगी।

**Love Prediction Today:** प्यार और रिश्तों के मामले में आज का दिन सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग अनुभव लेकर आ सकता है। कुछ लोगों के रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी और पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा, वहीं कुछ राशि वालों को छोटी-सी गलतफहमी दूर करने के लिए खुलकर बातचीत करनी पड़ सकती है। जो लोग सिंगल हैं, उनके लिए भी किसी खास व्यक्ति से बातचीत या मुलाकात की संभावना बन सकती है। वहीं शादीशुदा लोगों को जीवनसाथी की भावनाओं को समझते हुए फैसले लेने की जरूरत होगी। आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए आज का प्रेम जीवन कैसा रहेगा और किस राशि के लिए प्यार के मामले में दिन सबसे खास रहने वाला है।

## अगस्त माह के आखिरी सप्ताह में इन 5 राशियों का चमक उठेगा भाग्य, अचानक धन लाभ के योग




**weekly horoscope:** अगस्त माह के आखिरी सप्ताह कई ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा जिससे कुछ राशि वालों का भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

ग्रहों की चाल हर सप्ताह बदलती रहती है जिसके कारण इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर पड़ता है। 24 अगस्त से महीने का आखिरी सप्ताह शुरू होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस सप्ताह ग्रहों के राशि परिवर्तन से कई तरह के राजयोग का निर्माण होगा। इस सप्ताह हंस और बुधादित्य राजयोग का संयोग बनेगा। वहीं त्रिग्रही योग भी सूर्य, बुध और केतु की सिंह राशि में बनेगी। जिसका लाभ कुछ राशि वालों को होगा। आपको बता दें कि इस सप्ताह सूर्य, बुध और केतु सिंह राशि में, मंगल मिथुन राशि में , शुक्र कन्या राशि में, गुरु कर्क राशि में, शनि मीन राशि में, राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में विराजमान रहेंगे। ऐसे में आइए जानते हैं 24 से 30 अगस्त का समय किन राशि वालों को सबसे ज्यादा शुभ और भाग्यशाली रहेगा।

# Chandra Grahan 2026

## साल का आखिरी चंद्र ग्रहण किन राशि वालों को देगा कष्ट और किसे लाभ, पढ़ें सभी का हाल




**Chandra Grahan 2026:** साल का आखिरी ग्रहण किन राशियों के लिए शुभ और किसके लिए परेशानियों वाला रहेगा ? आइए विस्तार से राशिफल जानते हैं।

**Chandra Grahan 2026:** इस साल 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन साल का आखिरी चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। ज्योतिषियों की मानें, तो ग्रहण की शुरुआत सुबह 6 बजकर 53 मिनट पर होगी और इसका समापन दोपहर 12 बजकर 31 मिनट पर होगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका कोई भी प्रभाव मान्य नहीं होगा। लेकिन यह ग्रहण कुंभ राशि में लगने जा रहा है। इसके अलावा ग्रहों की विशेष स्थिति और राहु-केतु का भी कुछ असर राशियों पर पड़ सकता है। ऐसे में यह समय कुछ राशियों के लिए लाभकारी, तो कुछ के लिए कष्टकारी साबित हो सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, 12 राशियों पर इस चंद्र ग्रहण का कैसा प्रभाव पड़ेगा।

## Rahu Ketu Gochar: दिसंबर तक इन 3 राशि के लोगों पर रहेगी राहु-केतु की नजरें, उठाना पड़ सकता है नुकसान




**Rahu Ketu Gochar In 2026 Kumbh And Singh:** राहु और केतु साल के अंत में गोचर करेंगे। हालांकि, जबतक वह कुछ राशि वालों पर अपनी नजरें बनाकर रख सकते हैं। इससे जातकों को धन, यात्रा और सेहत से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ सकती है।

**Rahu Ketu Gochar In 2026 Kumbh And Singh:** राहु और केतु ज्योतिष में बेहद प्रभावशाली ग्रह माने जाते हैं। हालांकि, इन्हें छाया ग्रह कहा जाता है। दोनों का स्वभाव अलग-अलग होने के कारण इनका प्रभाव भी जातकों के जीवन पर अलग-अलग रूपों में देखने को मिलता है। केतु जहां अध्यात्म और वैराग्य के कारक माने जाते हैं, वहीं राहु अचानक होने वाले बदलावों और अप्रत्याशित परिस्थितियों को दर्शाते हैं। वर्तमान में ये दोनों ग्रह शनि और सूर्य की राशि में विराजमान हैं। बता दें, राहु कुंभ में और केतु सिंह राशि में गोचर कर रहे हैं। अब साल के अंत में ये दोनों ग्रह अपनी उल्टी चाल से अगला गोचर करेंगे। तब तक कुछ राशि वालों पर इनका विशेष प्रभाव बना रह सकता है। ऐसे में जातकों को काम, रिश्तों, यात्रा और सेहत के मामलों में सावधानी बरतने की आवश्यकता हो सकती है। आइए जानते हैं किन राशियों को दिसंबर तक संभलकर रहने की जरूरत है।

## IND vs SL: क्यों नहीं खेल रहे कुलदीप यादव, टीम मैनेजमेंट का भरोसा टूटा या है कोई और वजह? जानें कैफ ने क्या कहा




भारत ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव करते हुए कुलदीप यादव की जगह सारांश जैन को मौका दिया। इस फैसले पर मोहम्मद कैफ ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने टीम मैनेजमेंट के फैसले पर निशाना साधते हुए कुलदीप को बाहर रखने की वजह पर सवाल खड़े किए। भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम मैनेजमेंट ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया। चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को बाहर कर स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन को मौका दिया गया है। हालांकि, इस फैसले के बाद मोहम्मद कैफ ने टीम मैनेजमेंट पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा है।

**गिल ने टॉस के वक्त कुलदीप को लेकर क्या कहा?**

दरअसल, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टॉस के वक्त कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि कुलदीप यादव इनफेक्शन से जूझ रहे हैं। इस वजह से वह नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह सारांश जैन को डेब्यू कर रहे हैं। हालांकि, शुभमन के इस बयान पर कैफ ने तंज कसा। वह ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स से कमेंट्री पैनल का हिस्सा हैं। इस दौरान उन्होंने कहा, 'वाह अब तो कुलदीप को इनफेक्शन ही बता दिया गया है तो क्या कर सकते हैं। आजकल कोई बाहर नहीं होता, सब बीमारी से ही जूझते हैं। अब जब कुलदीप को बीमार ही बता दिया गया है तो कोई क्या कर सकता है।'

**कैफ ने टीम मैनेजमेंट पर उठाए सवाल**

कैफ ने कहा, 'पर मुझे लगता है कि टीम मैनेजमेंट का उन पर से भरोसा हट गया है। यह एक खिलाड़ी के लिए कितना आत्मविश्वास तोड़ने वाला होता है, यह वो खिलाड़ी ही बता सकता है। कुलदीप पर ही हमेशा गाज गिरती है। इंग्लैंड में जब सब चोटिल थे, तो भी उन्हें नहीं खिलाया गया था। हाल ही में एक वनडे में बुमराह नहीं थे, और कई फ्रंट लाइन गेंदबाज नहीं थे, तब भी कुलदीप को मौका नहीं दिया गया था। यह बताता है कि टीम मैनेजमेंट उनके साथ कैसा व्यवहार कर रहा है।'

**कुलदीप के टेस्ट आंकड़े**

कुलदीप यादव ने अब तक 19 टेस्ट मैच खेले हैं, जो 13 अलग-अलग टेस्ट सीरीज में आए हैं। इसमें इस सीजन अफगानिस्तान के खिलाफ खेला गया एकमात्र टेस्ट भी शामिल है। उन्होंने किसी टेस्ट सीरीज में दो या उससे ज्यादा मैच सिर्फ चार बार खेले हैं और ये सभी मुकाबले भारत में हुए हैं। 2017 में टेस्ट डेब्यू करने वाले कुलदीप यादव ने अब तक 19 टेस्ट में 80 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 23.36 का और स्ट्राइक रेट 39.38 का रहा है। कुलदीप ने पांच बार पारी में पांच विकेट लिए हैं। इतने शानदार रिकॉर्ड के बावजूद उन्हें नहीं खिलाने का फैसला हैरान करने वाला है।

**कुलदीप ने ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा नहीं लिया**

कुलदीप सिंहलीज में टीम के साथ मौजूद थे, लेकिन गॉल से आने के बाद से उन्होंने अभ्यास नहीं किया था। दो दिन पहले भारत का पूरा ट्रेनिंग सेशन हुआ था, जिसमें उन्होंने आराम मांगा और हिस्सा नहीं लिया। शनिवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र था, लेकिन उसमें भी वह नजर नहीं आए। बहुतुले और गंभीर ने उनकी तारीफ करते हुए उनकी क्षमता को सराहा था, लेकिन दोनों में से किसी ने भी यह संकेत नहीं दिया कि टीम के लिए यह कलाई का स्पिनर हर हाल में जरूरी है। अब उन्हें एक टेस्ट के बाद ही बाहर कर दिया गया। कुलदीप पिछले टेस्ट में एक ही विकेट ले पाए थे, लेकिन उन्हें बाकी दो स्पिनर्स की तुलना में कम गेंदबाजी भी कराई गई थी।

**पिछले टेस्ट में क्या हुआ था?**

कुलदीप ने गॉल टेस्ट में श्रीलंका की पहली पारी में मात्र 14 ओवर गेंदबाजी की और 65 रन देकर एक विकेट लिए। वहीं, दूसरी पारी में 11 ओवर में बिना कोई विकेट लिए 38 रन दिए। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने दोनों पारियों को मिलाकर 45.2 ओवर गेंदबाजी की और 10 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने दोनों पारियों को मिलाकर 44 ओवर फेंके और चार विकेट लिए। कुलदीप लंबे समय से टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित रूप से कभी मौका नहीं मिला। मानव सुथार के आने के बाद उनके लिए मुश्किल और बढ़ी है।

## IND vs SL Playing 11: क्या सारांश जैन को मिलेगा डेब्यू का मौका, कुलदीप का जगह बनाना मुश्किल; कितने बदलाव संभव?




India vs Sri Lanka Test Playing 11 Prediction: भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला आज से कोलंबो के सिंहली क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 165 रनों से जीत दर्ज की थी। ऐसे में शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम सीरीज को 2-0 से अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा आज से कोलंबो में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने गॉल टेस्ट में बड़ी जीत दर्ज की थी और वह यह मुकाबला भी जीत सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। इस मैच में भारतीय टीम एक बदलाव के साथ उतर सकती है। सारांश जैन को डेब्यू का मौका मिल सकता है, लेकिन इसके लिए टीम प्रबंधन को कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को बाहर बैठाना पड़ सकता है।

**डब्ल्यूटीसी में सुधर सकती है स्थिति**

भारत अगर इस सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लेता है, तो वह 57.58 प्रतिशत अंकों के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच सकता है। लेकिन यह बांग्लादेश की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में हार पर ही संभव हो पाएगा। डार्विन में पहले टेस्ट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाला बांग्लादेश अभी चौथे स्थान पर है।

**गिल-यशस्वी पर नजरें**

भारत को इस मैच में गिल और जायसवाल से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गिल अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी पिछली छह पारियों में दो शतक बनाए हैं। लेकिन पिछले मैच में उनका बल्ला नहीं चल पाया था। गिल ने कप्तानी संभालने के बाद 10 टेस्ट मैचों में 73 से अधिक के औसत से 1100 रन बनाए हैं। वह कप्तान के रूप में विदेश में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के लिए भी प्रतिबद्ध होंगे। जायसवाल की समस्या थोड़ी और गंभीर है। पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ नई दिल्ली में शतक बनाने के बाद इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी पिछली आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। जायसवाल तेज गेंदबाजों के खिलाफ कट या चिप शॉट खेलकर आउट हो रहे हैं जो चिंताजनक है। गॉल में पहली पारी में रन आउट होने के बाद जायसवाल दूसरी पारी में भी इसी तरह से आउट हुए थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने खेल के इस पहलू में सुधार करने के लिए शुक्रवार को एसएससी में नेट पर काफी समय बिताया। भारत के तेज गेंदबाजों और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने ऑफ स्टंप के बाहर की उस लाइन को निशाना बनाया, जिससे जायसवाल को कट या चिप शॉट खेलने के लिए लुभाया जा सके।

**कुलदीप ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा**

कोलंबो टेस्ट में सभी की नजर रहेगी कि कुलदीप यादव प्लेइंग-11 में जगह बना पाते हैं या नहीं। पहले मैच में पिच से काफी मदद मिलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 25 ओवरों में सिर्फ एक विकेट लिया था। कुलदीप पहले टेस्ट मैच में गेंदबाजों में सबसे महंगे साबित हुए, उन्होंने प्रति ओवर चार से अधिक रन लुटाए। श्रीलंका की टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाजों को देखते हुए ऑफ स्पिनर सारांश जैन को डेब्यू का मौका मिल सकता है। लेकिन सिर्फ एक मैच के बाद किसी सीनियर गेंदबाज को टीम से बाहर करना गलत संकेत दे सकता है। कुलदीप ने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिलेगी। लेकिन अंतिम निर्णय काफी हद तक कोलंबो की पिच पर निर्भर करता है, जिसे पिछले दो दिनों में पानी डालकर उसकी पकड़ बनाए रखी गई है।

**दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारत की संभावित प्लेइंग-11:**

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, सारांश जैन, मानव सुथार, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज।

## IND vs SL Weather: भारत-श्रीलंका के बीच कोलंबो टेस्ट पर बारिश का साया? जानें कैसा है मौसम का पूर्वानुमान



Colombo Weather Forecast, IND vs SL 2nd Test 2026: भारत और श्रीलंका के बीच आज से दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में बारिश ने मैच को प्रभावित किया था। दूसरे टेस्ट में भी बारिश मैच में खलल डाल सकती है। भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच आज से कोलंबो के सिंहली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि, गॉल की तरह इस टेस्ट मुकाबले पर भी बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, दूसरे टेस्ट मैच के पांचों दिन बारिश की आशंका है। टेस्ट के पहले दिन बारिश का पूर्वानुमान 64 प्रतिशत है। सुबह और दिन के समय में बारिश होने की संभावना ज्यादा है।

**पांचों दिन मौसम का हाल**

कोलंबो टेस्ट के दूसरे दिन बारिश होने की संभावना सबसे ज्यादा 96 प्रतिशत है। टेस्ट मैच के तीसरे दिन बारिश होने की आशंका 91 प्रतिशत है। चौथे दिन भी बारिश मैच का मजा किरकिरा करेगी, जबकि टेस्ट के आखिरी दिन भी बारिश मुकाबले में लगातार खलल डाल सकती है। टेस्ट के पांचवें दिन बारिश होने की संभावना 91 प्रतिशत है। भारतीय टीम दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे है।

गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 165 रनों से जीत दर्ज की थी। भारत की ओर से बल्लेबाजी में देवदत्त पडिक्कल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 167 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, केएल राहुल ने 82 रनों का योगदान दिया था। ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं, गेंदबाजी में मानव सुथार का जादू खूब चला था और उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए थे। श्रीलंका के बल्लेबाजों ने भारतीय स्पिनर्स के आगे आसानी से घुटने टेक दिए थे। चौथी पारी में 372 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम 202 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी।

## AFG vs IRE ODI: दो शतक 231 रन की साझेदारी और बना ऐतिहासिक स्कोर आयरिश गेंदबाजों पर हावी हुए अफगानी बल्लेबाज




सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ 343/9 का स्कोर बनाया। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का सबसे बड़ा स्कोर है, जबकि अटल-जादरान ने दूसरे विकेट के लिए 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ चौथे वनडे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान के शानदार शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 343 रन बनाए। यह वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 339 रन था, जो उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

अटल-जादरान ने संभाली पारीटॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल ने पारी को संभालते हुए आयरिश गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 220 गेंदों में 231 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह अफगानिस्तान की ओर से दूसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है

**आखिरी ओवरों में लड़खड़ाई अफगानिस्तान की टीम**

अटल और जादरान के आउट होने के बाद अफगानिस्तान की पारी थोड़ी धीमी पड़ गई। दरविश रसूली ने 14 गेंदों में 24 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह उमरजई 12 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रहमत शाह सिर्फ 2 रन बना सके। राशिद खान ने 10 गेंदों में 11 रन बनाए, जबकि हशमतुल्लाह शाहिदी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। गजनफर खाता नहीं खोल सके। अफगानिस्तान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट गंवाए, जिसके कारण टीम 350 रन का आंकड़ा पार करने से चूक गई। आयरलैंड की ओर से बायरन मैकडोनो ने तीन विकेट लिए, जबकि मार्क रिचर्ड एडायर और गेविन होए को दो-दो सफलता मिली। 339 रन का रिकॉर्ड टूटा

अफगानिस्तान के 343 रन के साथ ही टीम ने अपना पिछला वनडे रिकॉर्ड तोड़ दिया। उसने 2024 में श्रीलंका के खिलाफ बनाए 339/6 के स्कोर को पीछे छोड़ते हुए वनडे क्रिकेट में अपना नया सर्वोच्च स्कोर बनाया। अटल और जादरान की शतकीय पारियों ने इस ऐतिहासिक स्कोर की नींव रखी। इब्राहिम जादरान ने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंदों में 107 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं, सेदिकुल्लाह अटल ने इससे भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 120 गेंदों में 143 रन ठोक दिए। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और चार छक्के लगाए। अटल और जादरान की यह साझेदारी 50 ओवर के प्रारूप में अफगानिस्तान की किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इसके अलावा, यह अफगानिस्तान के वनडे इतिहास में केवल चौथा मौका  जब एक ही मैच में टीम के दो बल्लेबाजों ने शतक लगाए हैं।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**

**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**

**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776**
**@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













